# अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**कोलकाता.** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर साहित्य अकादमी एवं श्री शिक्षायतन कॉलेज, कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज परिसर में दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी लगायी गयी. इसका उद्घाटन अंग्रेजी लेखिका संयुक्ता दासगुप्त ने किया. मौके पर प्राचार्या अदिति दे की अध्यक्षता में 'भारतीय साहित्य' पर केंद्रित कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया. स्वागत भाषण देते हुए अकादमी के क्षेत्रीय सचिव देवेंद्र कुमार देवेश ने अकादमी की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए भारतीय साहित्य की अवधारणा और साहित्य से आम जनता के सरोकार पर चर्चा की.